चिकित्सा महाविद्यालय ने पं. नेहरू को किया याद

पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू के पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय भवन के प्रवेश स्थान पर स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया गया।

डीन डा. तृप्ति नागरिया ने बताया कि 60 वर्ष पूर्व नौ सितंबर 1963 को स्थापित छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने और सबसे बड़े चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण पंडित नेहरू की पुण्य स्मृति में किया गया है। मौके पर डा. अरविंद नेरल, डा. आरके सिंह, डा. निर्मल वर्मा, डा. निधि पांडे, डा. पीके खोडियार, डा. जागृति अग्रवाल, डा. उषा जोशी, डा. चंद्रकला जोशी, डा. वर्षा पांडेय, डा. दिवाकर धुरंधर, डा. पीयूष भार्गव और अन्य चिकित्सा शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

मेडिकल कालेज परिसर में पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते चिकित्सक। ● महाविद्यालय

पुण्य तिथि पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में पंडित नेहरू को किया गया याद

अमन पथ न्यूज

रायपुर। रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्य तिथि पर याद किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने महाविद्यालय भवन के प्रवेश द्वार के पास स्थापित पंडित नेहरू की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। 60 वर्ष पहले 9 सितम्बर 1963 को स्थापित छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने और सबसे बड़े चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण पंडित नेहरू की पुण्य स्मृति में किया गया है। चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, प्राध्यापकगण डॉ. अरविन्द नेरल, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. निर्मल वर्मा, डॉ. निधि पांडे, डॉ. पी.के. खोडियार, डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. उषा जोशी, डॉ. चन्द्रकला जोशी, डॉ. वर्षा पांडे, डॉ. दिवाकर धुरंधर और डॉ. पीयूष भार्गव सहित महाविद्यालय के कर्मचारियों ने पंडित नेहरू की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।